Prepp
Your Personal Exams Guide

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ......................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________
(In words)

**D-0109**

**Test Booklet No.**

Time : **1** $^1/_4$ hours]

# PAPER-II
# ECONOMICS

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **Negative Marking :- For each incorrect answer, 0.5 marks shall be deducted.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **नेगेटिव अंक प्रणाली : प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.5 अंक काटे जाएँगे ।**

Prepp Your Personal Exams Guide

# ECONOMICS

## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objectives type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt all the questions.

**1.** The Law of Diminishing Returns to Scale holds true in the
(A) Market - Period
(B) Short - Period
(C) Long - Period
(D) Secular - Period

**2.** The demand for labour by a firm is a derived demand because it depends upon
(A) The demand for goods and services that labour helps to produce.
(B) The degree of substitution between labour and other factors of production.
(C) The elasticity of demand for labour.
(D) The demand for other factors of production.

**3.** Social Welfare Function is assumed
(A) Theoretically
(B) Axiomatically
(C) Hypothetically
(D) Empirically

**4.** In the classical theory, an increase in money supply leads to
(A) Decrease in price level.
(B) Increase in savings.
(C) Decrease in investment.
(D) Increase in price level.

**5.** Shift in LM curve takes place due to
(A) Increase in autonomous investment.
(B) Increase in money supply.
(C) Increase in consumption.
(D) Increase in saving rate.

**6.** The Phillips Curve shows the relation between
(A) Income and consumption.
(B) Income and price level.
(C) Income and investment.
(D) Inflation and unemployment.

**7.** Rolling Plan Concept was propounded by
(A) Gunnar Myrdal
(B) J.K. Galbraith
(C) Paul A. Samuelson
(D) A.K. Sen

**8.** The 'Incremental Capital-Output Ratio' is symbolically written as
(A) K / L
(B) ΔK / ΔL
(C) ΔK / ΔY
(D) K / Y

## अर्थशास्त्र

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** पैमाने का ह्रासमान प्रतिफल नियम किस काल में लागू होता है ?

(A) बाजार-काल (B) अल्प-काल

(C) दीर्घ-काल (D) सुदीर्घकाल

**2.** श्रम के लिए फर्म की मांग व्युत्पन्न मांग है क्योंकि वो निम्नांकित पर निर्भर है :

(A) वस्तुओं एवं सेवाओं, जिनका उत्पादन करने में श्रम मदद करता है, की मांग

(B) श्रम और उत्पादन के अन्य कारकों के बीच प्रतिस्थापन की डिग्री

(C) श्रम की मांग की लोच

(D) उत्पादन के अन्य कारकों की मांग

**3.** सामाजिक कल्याण फलन की मान्यतायें

(A) सैद्धान्तिक हैं । (B) अभिगृहीतीय हैं ।

(C) प्राक्काल्पनिक हैं । (D) आनुभविक हैं ।

**4.** क्लासीकल सिद्धान्त में, मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि किस ओर प्रवृत्त करती है ?

(A) कीमत स्तर में गिरावट (B) बचतों में वृद्धि

(C) निवेश में कमी (D) कीमत स्तर में वृद्धि

**5.** LM वक्र में खिसकाव किस कारण होता है ?

(A) स्वायत्त निवेश में वृद्धि

(B) मुद्रा की आपूर्ति में वृद्धि

(C) उपभोग में वृद्धि

(D) बचत की दर में वृद्धि

**6.** फिलिप वक्र किनके बीच सम्बन्ध दर्शाती है ?

(A) आय और उपभोग (B) आय और कीमत स्तर

(C) आय और निवेश (D) मुद्रा स्फीति और बेरोजगारी

**7.** रोलिंग प्लान की अवधारणा किसके द्वारा प्रतिपादित की गई ?

(A) गुन्नार मिर्डाल (B) जे.के. गॉलब्रेथ

(C) पॉल ए. सैम्युलसन (D) ए.के. सेन

**8.** 'वर्द्धमान पूंजी - उत्पादन अनुपात ' प्रतीकात्मक रूप से कैसे लिखा जाता है ?

(A) $K / L$ (B) $\Delta K / \Delta L$

(C) $\Delta K / \Delta Y$ (D) $K / Y$

www. prepp.in

9. The doctrine of unbalanced growth has not been advocated by
(A) H.W. Singer (B) W.A. Lewis
(C) A.O. Hirschman (D) C.P. Kindleberger

10. Which group represents the interests of the developing countries ?
(A) G – 7 (B) G – 10
(C) G – 77 (D) G – 80

11. Funds not belonging to the Government are called
(A) Contingency Fund (B) Consolidated Fund
(C) Private Accounts (D) Public Accounts

12. The Deficit Budget in which the deficits are covered through taxes is called
(A) Balanced Budget (B) Unbalanced Budget
(C) Surplus Budget (D) Zero-base Budget

13. Raul Prebisch's argument is concerned with the effects of business cycles on
(A) Terms of Trade (B) Balance of Payments
(C) Output (D) Consumption

14. The difference between the export and import of services is called
(A) Balance of Trade.
(B) Balance of Invisibles.
(C) Balance of Current account.
(D) Balance of Capital account.

15. Public Enterprises in India have developed only in
(A) Consumer goods industries
(B) Key and basic industries
(C) Service industries
(D) All types of industries

16. According to Economic Survey 2007-08, India's Current Account balance as percent of GDP in 2006-07 stood at
(A) –3.3 (B) –2.1
(C) –1.1 (D) – 0.4

9. असन्तुलित संवृद्धि के सिद्धान्त की हिमायत किसने नहीं की ?
   (A) एच. डब्ल्यू. सिंगर
   (B) डब्ल्यू. ए. लेविस
   (C) ए. ओ. हर्षमैन
   (D) सी.पी. किंडलबर्गर

10. विकासशील देशों के हितों का प्रतिनिधित्व कौन सा समूह करता है ?
   (A) G - 7
   (B) G - 10
   (C) G - 77
   (D) G - 80

11. जो निधियाँ सरकार की सम्पत्ति नहीं हैं, क्या कहलाती हैं ?
   (A) आकस्मिकता निधि (कोष)
   (B) समेकित निधि
   (C) निजी लेखा
   (D) सार्वजनिक लेखा

12. जिस घाटे के बजट में घाटे को करों के जरिये पूरा किया जाता है क्या कहलाता है ?
   (A) संतुलित बजट
   (B) असंतुलित बजट
   (C) अतिरेक या रोकड़ बाकी बजट
   (D) शून्य-आधार (ज़ीरो-बेस) बजट

13. रॉल प्रेबिश का तर्क, किस पर, व्यापार चक्रों के प्रभावों से सम्बद्धित है ?
   (A) व्यापार की शर्तें
   (B) भुगतान संतुलन
   (C) उत्पादन
   (D) उपभोग

14. सेवाओं के निर्यात और आयात के बीच अन्तर क्या कहलाता है ?
   (A) व्यापार संतुलन
   (B) अदृश्य चीजों का शेष
   (C) चालू खाते का शेष
   (D) पूँजीगत खाते का शेष

15. भारत में सार्वजनिक उद्यमों का विकास सिर्फ _______ उद्योगों में हुआ है ।
   (A) उपभोक्ता वस्तुओं के उद्योग
   (B) मुख्य और मूलभूत उद्योग
   (C) सेवा उद्योग
   (D) सभी प्रकार के उद्योग

16. 2007-08 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2006-07 में भारत का चालू खाता शेष GDP का क्या प्रतिशत था ?
   (A) – 3.3
   (B) – 2.1
   (C) – 1.1
   (D) – 0.4

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** The overall production of foodgrains in India in 2006-07 was

(A) 207.3 million tonnes
(B) 217.3 million tonnes
(C) 270.8 million tonnes
(D) 227.8 million tonnes

**18.** On Current Daily Status (CDS) basis, the incidence of unemployment in India in 2004-05 was

(A) 4.52%
(B) 6.43%
(C) 8.28%
(D) 10.12%

**19.** The statistical technique used to determine the degree of relationship between two variables is called

(A) Dispersion
(B) Index Numbers
(C) Association
(D) Correlation

**20.** Which Index Number method has an upward bias ?

(A) Laspeyre's method
(B) Paasche's method
(C) Bowley's method
(D) Fisher's method

**Note :** Consider the following statements and select the correct answer from the codes given below for questions **21** to **30**. (Assertion and Reason type item)

**21.** **Assertion (A) :** The rate of fall of MR is more than that of AR in the event of their falling.

**Reason (R) :** Both MR and AR curves are linear and negatively sloping.

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is false, but (R) is true.
(D) (A) is true, but (R) is false.

**22.** **Assertion (A) :** Under monopolistic competition, the long-run average revenue (LAR) of a firm is tangent to the negatively sloping portion of the long-run average cost (LAC) curve.

**Reason (R) :** The demand curve facing the firm under monopolistic competition is relatively more elastic.

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) is true, but (R) is false.
(C) Both (A) and (R) are false.
(D) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** 2006-07 में भारत में खाद्यान्नों का कुल उत्पादन कितना था ?

(A) 207.3 मिलियन टन
(B) 217.3 मिलियन टन
(C) 270.8 मिलियन टन
(D) 227.8 मिलियन टन

**18.** करेन्ट डेली स्टेटस (CDS) के आधार पर, भारत में 2004-05 में, बेरोजगारी की विस्तार सीमा क्या थी ?

(A) 4.52%
(B) 6.43%
(C) 8.28%
(D) 10.12%

**19.** दो चरों के बीच सम्बन्ध की डिग्री निर्धारित करने वाली सांख्यिकीय तकनीक क्या कहलाती है ?

(A) बिखराव (प्रकीर्णन)
(B) सूचकांक
(C) सम्बन्ध / संयोजन
(D) सहसम्बन्ध

**20.** किस सूचकांक विधि में उर्ध्वगामी अभिनति (झुकाव) है ?

(A) लेसपेयरस की विधि
(B) पाशे की विधि
(C) बॉउले की विधि
(D) फिशर की विधि

**नोट :** नीचे दो कथन दिए गए हैं । प्रश्न संख्या **21** से **30** तक (अभिकथन और तर्क प्रकार के) के लिए नीचे दिए कोडों से सही उत्तर का चयन करें ।

**21.** **अभिकथन (A) :** MR और AR के गिरने की स्थिति में AR की तुलना में MR के गिरने की दर ज्यादा होती है ।

**तर्क (R) :** MR और AR दोनों वक्र रेखीय और नकारात्मक रूप से ढ़लवाँ होती हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।
(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

**22.** **अभिकथन (A) :** एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत, फर्म का दीर्घकालिक औसत आगम, दीर्घकालिक औसत लागत वक्र के नकारात्मक रूप से ढलवाँ भाग को स्पर्श करता है ।

**तर्क (R) :** एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत, फर्म की मांग वक्र तुलनात्मक रूप से ज्यादा लोचनीय होती है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।
(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

Prepp Your Personal Exams Guide

**23.** **Assertion (A) :** According to Milton Friedman, the slope of the long-run Phillips curve is vertical.

**Reason (R) :** The expectations about future inflation are the basic cause of the non-existence of the trade-off between inflation and unemployment in the long-run.

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct reason of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct reason of (A).

(C) Both (A) and (R) are false.

(D) (A) is true, but (R) is false.

**24.** **Assertion (A) :** Life Cycle Hypothesis attempts to reconcile the short-run non-proportional and the long-run proportional consumption functions.

**Reason (R) :** Short-run non-proportional consumption function implies that APC declines as income increases.

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) Both (A) and (R) are false.

(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct reason of (A).

(D) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct reason of (A).

**25.** **Assertion (A) :** According to Gunnar Myrdal, there exists a circular and cumulative causation in under-developed countries.

**Reason (R) :** There is a mutually reinforcing interaction between low living levels and low productivity.

(A) (A) is false, but (R) is true.

(B) Both (A) and (R) are false.

(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

**26.** **Assertion (A) :** Harrod-Domar model assumes fixed technological relationship between capital stock and income flows.

**Reason (R) :** The model assumes flexible capital output ratio.

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) Both (A) and (R) are false.

(D) (A) is true, but (R) is false.

23. **अभिकथन (A) :** मिल्टन फ्रीडमैन के अनुसार, दीर्घकालिक फिलिप वक्र का ढलान ऊर्ध्वाकार होता है ।

**तर्क (R) :** भावी मुद्रा स्फीति के बारे में प्रत्याशाएँ ही दीर्घकाल में मुद्रा स्फीति और बेरोजगारी के बीच विकल्प की गैर-मौजूदगी का मूलभूत कारण है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

24. **अभिकथन (A) :** जीवन चक्र प्राक्कल्पना, अल्पकालिक अनानुपातिक और दीर्घकालिक अनुपातिक उपभोग फलनों का सामंजस्य स्थापित करने की चेष्टा करती है ।

**तर्क (R) :** अल्पकालिक अनानुपातिक उपभोग फलन से तात्पर्य है कि जब आय बढ़ती है तो APC गिरती है ।

(A) (A) सत्य है परन्तु (R) असत्य है ।

(B) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

25. **अभिकथन (A) :** गुन्नार मिर्डाल के अनुसार अल्प-विकसित देशों में चक्रीय और संचयी कार्यकारण भाव विद्यमान रहता है ।

**तर्क (R) :** निम्न जीवन निर्वाह स्तर और निम्न उत्पादकता के बीच परस्पर संबलित करने वाली अंत:क्रिया होती है ।

(A) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(B) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

26. **अभिकथन (A) :** हैरोड-डोमर मॉडल की मान्यता अनुसार पूँजी स्टॉक और आय प्रवाह के बीच स्थिर प्रौद्योगिकीय सम्बन्ध है ।

**तर्क (R) :** यह मॉडल, पूँजी-उत्पादन अनुपात परिवर्तनीय मानता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

**27.** **Assertion (A) :** Over the years, the goal of self-reliance has proved to be elusive in the Indian economy.

**Reason (R) :** Balance Of Payments (BOP) problems have been arising due to imports of POL.

(A) Both (A) and (R) are false.

(B) (A) is true, but (R) is false.

(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**28.** **Assertion (A) :** Laspeyre's index has a upward bias.

**Reason (R) :** Paasche's index has a downward bias.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

**29.** **Assertion (A) :** In a bell-shaped distributive curve, the value of Mean, Median and Mode would be identical.

**Reason (R) :** There is no skewness in the series.

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(B) (A) is true, but (R) is false.

(C) (A) is false, but (R) is true.

(D) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**30.** **Assertion (A) :** Colin Clark hypothesised that the safe upper limit of taxation is 25 percent of national income.

**Reason (R) :** The excess burden of taxation will be very high if it goes beyond the 25 percent limit.

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) Both (A) and (R) are true.

(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are false.

27. **अभिकथन (A) :** समयोपरि, आत्म निर्भरता का लक्ष्य भारतीय अर्थव्यवस्था में भ्रान्तिजनक सिद्ध हुआ है ।

**तर्क (R)** : POL (पैट्रोलियम ऑयल लुब्रीकेंट्स) के आयातों की वजह से भुगतान संतुलन की समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) और (R) सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

28. **अभिकथन (A) :** लैस्परे का सूचकांक ऊर्ध्वगामी झुकाव रखता है ।

**तर्क (R)** : पास्चे का सूचकांक अधोगामी झुकाव रखता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

29. **अभिकथन (A) :** घंटाकार वितरण वक्र में, माध्य, माध्यिका और बहुलक एक-समान होंगे ।

**तर्क (R)** : इसमें कोई वैषम्य (स्क्यूनैस) नहीं है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

30. **अभिकथन (A) :** कॉलिन क्लार्क की प्राक्कल्पना के अनुसार करारोपण की सुरक्षित उच्चतर सीमा राष्ट्रीय आय का 25 प्रतिशत है ।

**तर्क (R)** : यदि यह 25 प्रतिशत की सीमा से परे जाता है तो करारोपण का ज्यादा भार बहुत अधिक हो सकता है ।

(A) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

**Note :** For Question Nos. **31** to **38**, the candidates are required to tick (√) mark the option having the right chronological order.

**31.** (i) Value and Capital

(ii) Principles of Political Economy and Taxation

(iii) A Revision of Demand Theory

(iv) The General Theory of Employment, Interest and Money

**Codes :**

(A) (ii), (iv), (i), (iii)

(B) (iii), (i), (iv), (ii)

(C) (iv), (iii), (i), (ii)

(D) (i), (iv), (iii), (ii)

**32.** (i) Introduction of MODVAT

(ii) Introduction of Fringe Benefit Tax

(iii) Introduction of Expenditure Tax

(iv) Abolition of Estate Duty

**Codes :**

(A) (ii), (iii), (i), (iv)

(B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (iv), (i), (iii), (ii)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**33.** (i) Relative Income Hypothesis

(ii) Life-cycle Hypothesis

(iii) Absolute Income Hypothesis

(iv) Permanent Income Hypothesis

**Codes :**

(A) (iii), (i), (iv), (ii)

(B) (ii), (iv), (i), (iii)

(C) (i), (iii), (ii), (iv)

(D) (iv), (ii), (iii), (i)

www. prepp.in

**नोट :** प्रश्न संख्या **31** से **38** तक के लिए, परीक्षार्थियों को सही कालानुक्रमिक क्रम के विकल्प का चयन करना है ।

**31.** (i) वैल्यु एण्ड कैपीटल

(ii) प्रिंसीपल्स ऑफ पोलिटिकल इकोनॉमी एण्ड टैक्सेशन

(iii) ए रिवीज़न ऑफ डिमांड थ्योरी

(iv) दी जनरल थ्योरी ऑफ एंप्लॉयमेंट, इंटरेस्ट एण्ड मनी ।

**कोड :**

(A) (ii), (iv), (i), (iii)

(B) (iii), (i), (iv), (ii)

(C) (iv), (iii), (i), (ii)

(D) (i), (iv), (iii), (ii)

**32.** (i) मॉडवैट (MODVAT) का प्रारम्भ

(ii) अनुषंगी (वेतनेतर) हितलाभ कर का प्रारम्भ

(iii) व्यय कर का प्रारम्भ

(iv) संपदा शुल्क समापन

**कोड :**

(A) (ii), (iii), (i), (iv)

(B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (iv), (i), (iii), (ii)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**33.** (i) सापेक्ष आय प्राक्कल्पना

(ii) जीवन-चक्र प्राक्कल्पना

(iii) निरपेक्ष आय प्राक्कल्पना

(iv) स्थायी आय प्राक्कल्पना

**कोड :**

(A) (iii), (i), (iv), (ii)

(B) (ii), (iv), (i), (iii)

(C) (i), (iii), (ii), (iv)

(D) (iv), (ii), (iii), (i)

**34.** (i) Modernisation
(ii) Rapid and non-inclusive growth
(iii) Removal of poverty and self-reliance
(iv) Rapid and large scale industrialisation

**Codes :**
(A) (i), (ii), (iv), (iii)
(B) (ii), (iv), (i), (iii)
(C) (iv), (ii), (iii), (i)
(D) (iv), (iii), (i), (ii)

**35.** (i) Formation of WTO
(ii) Uruguay Round of GATT
(iii) Formation of GATT
(iv) Formation of UNCTAD

**Codes :**
(A) (i), (iii), (ii), (iv)
(B) (iv), (iii), (ii), (i)
(C) (iii), (iv), (ii), (i)
(D) (ii), (iv), (i), (iii)

**36.** (i) Pradhan Mantri Gramodaya Yojana (PMGY)
(ii) Swarnjayanti Gram Swarozgar Yojana (SGSY)
(iii) Jawahar Rozgar Yojana (JRY)
(iv) Integrated Rural Development Programme (IRDP)

**Codes :**
(A) (iii), (iv), (ii), (i)
(B) (ii), (iii), (iv), (i)
(C) (i), (ii), (iii), (iv)
(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**37.** (i) Creation of SDRs
(ii) Formation of IMF
(iii) Collapse of International Monetary System
(iv) Introduction of Gold Standard

**Codes :**
(A) (ii), (iii), (i), (iv)
(B) (iii), (iv), (i), (ii)
(C) (ii), (iv), (iii), (i)
(D) (iv), (ii), (i), (iii)

**34.** (i) आधुनिकीकरण
(ii) तेज एवं अन-समावेशी संवृद्धि
(iii) निर्धनता और आत्म-निर्भरता का निष्कासन
(iv) तेज और बड़े पैमाने पर औद्योगिकीकरण

**कोड :**
(A) (i), (ii), (iv), (iii)
(B) (ii), (iv), (i), (iii)
(C) (iv), (ii), (iii), (i)
(D) (iv), (iii), (i), (ii)

**35.** (i) WTO का निर्माण
(ii) GATT का उरुग्वे राउन्ड
(iii) GATT का निर्माण
(iv) UNCTAD का निर्माण

**कोड :**
(A) (i), (iii), (ii), (iv)
(B) (iv), (iii), (ii), (i)
(C) (iii), (iv), (ii), (i)
(D) (ii), (iv), (i), (iii)

**36.** (i) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना (PMGY)
(ii) स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY)
(iii) जवाहर रोजगार योजना (JRY)
(iv) इंटीग्रेटिड रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम (IRDP)

**कोड :**
(A) (iii), (iv), (ii), (i)
(B) (ii), (iii), (iv), (i)
(C) (i), (ii), (iii), (iv)
(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**37.** (i) SDR की रचना
(ii) IMF का निर्माण
(iii) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा प्रणाली का विध्वंस
(iv) स्वर्णमान का प्रारम्भ

**कोड :**
(A) (ii), (iii), (i), (iv)
(B) (iii), (iv), (i), (ii)
(C) (ii), (iv), (iii), (i)
(D) (iv), (ii), (i), (iii)

www. prepp.in

**38.** Chairman of the Finance Commission

(i) K.C. Pant

(ii) K. Brahamananda Reddy

(iii) A.M. Khusro

(iv) K. Santhanam

**Codes :**

(A) (i), (iii), (ii), (iv)

(B) (ii), (i), (iii), (iv)

(C) (iv), (ii), (i), (iii)

(D) (iii), (ii), (i), (iv)

**Note :** Matching item (Q. Nos. **39** to **46**) : This consists of two lists of Events / Theories / Models / Statements, etc., and the other of authors/years. The candidates are required to match an item in one list with an item in the other and mark the correct matching option, given in the code.

**39.**

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Degree of monopoly theory | (i) | T. Scitovsky |
| (b) | Double criterion | (ii) | Halland Hitch |
| (c) | Behavioural theory of firm | (iii) | M. Kalecki |
| (d) | Average cost pricing | (iv) | Herbert Simon |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**40.**

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Compensation criterion | (i) | Williamson |
| (b) | Impossibility theorem | (ii) | F.H. Knight |
| (c) | Managerial discretion model | (iii) | Kaldor-Hicks |
| (d) | Uncertainty theory of profits | (iv) | Kenneth Arrow |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**38.** वित्त आयोग का अध्यक्ष :

(i) के.सी. पंत

(ii) के. ब्रह्मानंदा रैडी

(iii) ए. एम. खुसरो

(iv) के. सांथानन

**कोड :**

(A) (i), (iii), (ii), (iv)

(B) (ii), (i), (iii), (iv)

(C) (iv), (ii), (i), (iii)

(D) (iii), (ii), (i), (iv)

**नोट :** सुमेलित मद (प्र.सं. **39** से **46**) इस खंड में दो सूचियाँ दी गई हैं । सूची-I में घटनाएँ/सिद्धान्त/मॉडल/अभिकथन, इत्यादि दिए गए हैं और सूची-II में लेखक और वर्ष । परीक्षार्थी को सूची-I में दी मदों को सूची-II में मदों के साथ सुमेलित करना है और कोड में दिए विकल्प का सही चयन करना है ।

**39.**

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | एकाधिकार सिद्धान्त की डिग्री | (i) | टी. सिटोव्सकी |
| (b) | दुहरा मापदंड | (ii) | हालैंड हिच |
| (c) | फर्म का व्यवहार परक सिद्धान्त | (iii) | एम. कैलेकी |
| (d) | औसत लागत कीमत निर्धारण | (iv) | हर्बर्ट साइमन |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**40.**

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | क्षतिपूर्ति मापदंड | (i) | विलियमसन |
| (b) | असम्भाव्य सिद्धान्त | (ii) | एफ. एच. नाईट |
| (c) | प्रबन्धकीय विवेक मॉडल | (iii) | काल्डर-हिक्स |
| (d) | लाभ का अनिश्चितता सिद्धान्त | (iv) | कैनेथ ऐरो |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.**

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Absolute income hypothesis | (i) | N. Gregory Mankiw |
| (b) | Rational expectation hypothesis | (ii) | J.M. Keynes |
| (c) | Relative income hypothesis | (iii) | Robert Lucas |
| (d) | The New Keynesian model | (iv) | James Duesenberry |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**42.**

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Stability of demand function for money | (i) | Bent Hansen |
| (b) | Demand inflation theory | (ii) | Milton Friedman |
| (c) | Interest elasticity of transactions demand for cash | (iii) | Don Patinkin |
| (d) | Real balance effect | (iv) | James Tobin |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**43.**

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Steady rate of growth | (i) | P.R. Brahmananda |
| (b) | Golden age | (ii) | Joseph Schumpeter |
| (c) | Wage goods model | (iii) | R.M. Solow |
| (d) | Circular flow of economic life | (iv) | Mrs. Joan Robinson |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

www. prepp.in

**41.** **सूची-I** | **सूची-II**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | निरपेक्ष आय प्राक्कल्पना | (i) | एन. ग्रीगॉरी मैनकिव |
| (b) | तर्कसंगत प्रत्याशा प्राक्कल्पना | (ii) | जे. एम. कीन्स |
| (c) | सापेक्ष आय प्राक्कल्पना | (iii) | रॉबर्ट लुकस |
| (d) | नव कीन्सवादी मॉडल | (iv) | जेम्स ड्युज़नबेरी |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**42.**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | मुद्रा के मांग फलन का स्थायित्व | (i) | बेंट हेन्सन |
| (b) | मांग मुद्रा स्फीति सिद्धान्त | (ii) | मिल्टन फ्रीडमैन |
| (c) | रोकड़ के लिये लेन देन मांग की ब्याज लोच | (iii) | डॉन पैटिंकिन |
| (d) | वास्तविक शेष प्रभाव | (iv) | जेम्स टॉबिन |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**43.**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | संवृद्धि की नियमित दर | (i) | पी. आर. ब्रह्मानंद |
| (b) | स्वर्णिम युग | (ii) | जोसफ शुम्पीटर |
| (c) | श्रमिक वस्तु मॉडल | (iii) | आर. एम. सोलो |
| (d) | आर्थिक जीवन का चक्रीय प्रवाह | (iv) | श्रीमती जॉन रोबिन्सन |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**44.** **List-I** **List-II**

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Principle of absolute advantage | (i) | Rybczynski |
| (b) | Effects of factor endowment changes on trade | (ii) | Samuelson |
| (c) | Theory of reciprocal demand | (iii) | Adam Smith |
| (d) | Factor price equalisation theorem | (iv) | J.S. Mill |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**45.**

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Voluntary exchange approach | (i) | Peacock-Wiseman |
| (b) | Theory of local public goods | (ii) | A.C. Pigou |
| (c) | Time-pattern of public expenditure growth | (iii) | Wicksell-Lindahl |
| (d) | Principle of least aggregate sacrifice | (iv) | Charles Tiebout |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**46.**

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (i) | Hybrid Index Number | (a) | Spearman |
| (ii) | Association of Attributes | (b) | Yule |
| (iii) | Rank Correlation | (c) | Gulton |
| (iv) | Regression | (d) | Marshall-Edgeworth |

Codes :

(A) (i, b), (ii, c), (iii, d), (iv, a)

(B) (i, d), (ii, b), (iii, a), (iv, c)

(C) (i, a), (ii, c) (iii, b), (iv, d)

(D) (i, d), (ii, b), (iii, c), (iv, a)

**44.** **सूची-I** **सूची-II**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | निरपेक्ष लाभ का सिद्धान्त | (i) | रिबसिस्की |
| (b) | व्यापार पर उपादन एनडाऊमेंट परिवर्तनों का प्रभाव | (ii) | सेम्युलसन |
| (c) | पारस्परिक मांग सिद्धान्त | (iii) | एडम स्मिथ |
| (d) | उपादन कीमत समकारी सिद्धान्त | (iv) | जे. एस. मिल |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**45.**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | ऐच्छिक विनिमय उपागम | (i) | पीकॉक वाइज़मैन |
| (b) | स्थानीय सार्वजनिक वस्तुओं का सिद्धान्त | (ii) | ए.सी.पीगू |
| (c) | सार्वजनिक व्यय संवृद्धि का टाईम-पैटर्न | (iii) | विकसेल लिण्डाल |
| (d) | लघुत्तम समग्र त्याग सिद्धान्त | (iv) | चार्ल्स टाइबूट |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**46.**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (i) | हाइब्रिड इन्डैक्स नम्बर | (a) | स्पियरमैन |
| (ii) | एसोसिएशन ऑफ एट्रीब्यूट्स | (b) | यूले |
| (iii) | रैंक कोरिलेशन | (c) | गल्टन |
| (iv) | रिग्रेशन | (d) | मार्शल-एजवर्थ |

**कोड :**

(A) (i, b), (ii, c), (iii, d), (iv, a)

(B) (i, d), (ii, b), (iii, a), (iv, c)

(C) (i, a), (ii, c) (iii, b), (iv, d)

(D) (i, d), (ii, b), (iii, c), (iv, a)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Read the passage below and answer questions from **47** to **50** on your understanding of the passage.

The theory of economic integration refers to the commercial policy of discriminatively reducing or eliminating trade barriers only among the nations joining together. The degree of economic integration ranges from preferential trade arrangements to free trade areas, customs, unions, common markets, and economic unions. Preferential trade arrangements provide lower barriers on trade among participating nations than on trade with non-member nations. The best example of a preferential trade arrangement is the British Commonwealth Preference Scheme established in 1932. A free trade area is the form of economic integration wherein all barriers are removed on trade among members, but each nation retains its own barriers to trade with non-members. The best examples are the European Free Trade Association (EFTA) formed in 1960, the North American Free Trade Agreement (NAFTA) formed in 1993 and the Southern Common Market (MEROSUR) formed in 1991. A customs Union allows no tariff or other barrier on trade among members. The most famous example is the European Union (EU) or European Common Market, formed in 1957. A common market goes beyond a customs union by also allowing the free movement of labour and capital among member nations. An economic union goes still further by harmonizing or even unifying the monetary and fiscal policies of member state. This is the most advanced type of economic integration.

**47.** Which of the following is not a free trade area ?

(A) The North American Free Trade Agreement.
(B) Southern Common Market.
(C) European Common Market.
(D) European Free Trade Association.

**48.** Which of the following allows free movement of labour and capital among member nations ?

(A) Preferential trade arrangement
(B) Customs union
(C) Economic union
(D) Common market

**49.** An economic union is the most advanced type of economic integration.

(A) It unifies the monetary and fiscal policies of member states.
(B) It permits no tariff barriers on trade among members.
(C) It allows free movement of capital and labour among member nations.
(D) It allows no tariffs on trade among members and a common tariff policy towards the rest of the world is followed.

**50.** The most advanced type of economic integration is

(A) Economic union
(B) Customs union
(C) Common market
(D) Free Trade Area

www. prepp.in

अधोलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और इसे समझने के पश्चात् प्रश्न **47** से **50** तक का उत्तर दीजिए ।

आर्थिक एकीकरण के सिद्धान्त से अभिप्राय है कि केवल उन देशों के बीच जो इकट्ठा होना चाहते हैं में वाणिज्य अवरोधकों को बिना भेदभाव के दूर करने अथवा कम करने के लिए वाणिज्य नीति को अपनाया जाए । आर्थिक एकीकरण की मात्रा अधिमानी वाणिज्य प्रबन्धों से स्वतन्त्र वाणिज्य क्षेत्रों, सीमा शुल्क, यूनियन, सांझे बाजार और आर्थिक संगठनों तक फैला हुआ है । अधिमानी वाणिज्य प्रबन्धों में गैर-सदस्य राष्ट्रों की अपेक्षा सदस्य-राष्ट्रों के लिए न्यून वाणिज्य अवरोधों का व्यवधान रहता है । अधिमानी वाणिज्य का सर्वोत्तम उदाहरण है कामनवैल्थ अधिमान योजना जिसे 1932 में स्थापित किया गया था । स्वतन्त्र वाणिज्य क्षेत्र आर्थिक एकीकरण का एक रूप है जिसके अन्तर्गत सदस्य-राष्ट्रों के लिए वाणिज्य से प्रत्येक प्रकार के अवरोधकों को हटा लिया जाता है । मगर ऐसा प्रत्येक सदस्य अन्य गैर-सदस्यों के लिए अपने देश में अपने अवरोधकों को बनाये रखता है । इसी आधार पर वह गैर-सदस्यों से वाणिज्य सम्बन्ध रखता है । इसके सर्वोत्तम उदाहरण हैं यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ई एफ टी ए) है जिसकी स्थापना 1960 में हुई और नॉर्थ अमेरिकन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एन ए एफ टी ए) है जो 1993 में स्थापित हुई । इसका उदाहरण सदर्न कॉमन मार्किट (मेरोसुर) भी है जिसकी स्थापना 1991 में हुई थी । सीमाशुल्क संघ सदस्य-राष्ट्रों के बीच किसी प्रशुल्क अथवा अन्य अवरोधकों की आज्ञा नहीं देता । इस सम्बन्ध में सबसे प्रसिद्ध उदाहरण है यूरोपियन यूनियन (ई यू) अथवा यूरोपियन कॉमन मार्किट है जिसकी स्थापना 1957 में हुई । एक साझा बाजार सीमा शुल्क संघ से भी परे जाता है जब वह सदस्य-राष्ट्रों में श्रम और पूंजी के स्वतन्त्र गति की आज्ञा देता है । एक आर्थिक संघ इससे आगे बढ़ जाता है जब यह सदस्य-राष्ट्रों की मौद्रिक एवं वित्तीय नीतियों में तादातम्य अथवा एकीकृत करने तक को जाता है । यह आर्थिक एकीकरण की सर्वोच्च अवस्था है ।

**47.** अधोलिखित में से कौन सा स्वतन्त्र वाणिज्य क्षेत्र नहीं है ?

(A) नार्थ अमेरिकन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

(B) सदर्न कॉमन मार्किट

(C) यूरोपियन कॉमन मार्किट

(D) यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन

**48.** निम्नलिखित में से कौन सा सदस्य-राष्ट्रों के बीच श्रम और पूँजी की मुक्त गति की आज्ञा देता है ?

(A) अधिमानी वाणिज्य प्रबन्ध

(B) सीमा-शुल्क संघ

(C) आर्थिक संघ

(D) साझा बाजार

**49.** आर्थिक संघ आर्थिक एकीकरण का सर्वोच्च रूप है ।

(A) यह सदस्य-राष्ट्रों के बीच मौद्रिक एवं वित्तीय नीतियों में एक्य लाता है ।

(B) सदस्य-राष्ट्रों के बीच वाणिज्य में यह किसी प्रकार के प्रशुल्क अवरोधक की आज्ञा नहीं देता ।

(C) सदस्य-राष्ट्रों के बीच यह श्रम और पूँजी की मुक्त गति की आज्ञा देता है ।

(D) यह सदस्य-राष्ट्रों के बीच किसी प्रकार के प्रशुल्क अवरोधकों की आज्ञा नहीं देता और बाकी के राष्ट्रों के लिए साझा प्रशुल्क नीति का पालन किया जाता है ।

**50.** आर्थिक एकीकरण का सर्वाधिक उन्नत रूप कौन सा है ?

(A) आर्थिक संघ

(B) सीमा-शुल्क संघ

(C) साझा बाजार

(D) मुक्त व्यापार क्षेत्र

www. prepp.in

**Space for Rough Work**